भा. कृ. अनु.प.- केन्द्रीय कपास अनुसंधान संस्थान
पोस्ट बैग क्र. 2, शंकरनगर पोस्ट ऑफिस, नागपुर -440010
ICAR - CENTRAL INSTITUTE FOR COTTON RESEARCH
Post Bag No.2, Shankar Nagar P.O., Nagpur -440010
☏ टेलीफोने क्र. 07103- 275536, 🖷 फॅक्स 07103-275529
ई पी बी ए एक्स: 07103-275637/38/39
website: www.cicr.org.in, e-mail: cicrnagpur@gmail.com
(कार्यालय: इंडीयन ऑइल डेपो/खापरी फाटा के पास, पांजरी, वर्धा रोड, नागपुर-441108)

CICR/MRF/12/2023-24 दिनांक : 01.11.2023

निलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की केन्द्रीय कपास अनुसंधान संस्थान, पांजरी फार्म, वर्धा रोड, नागपूर के फार्म के अंदर 600 और KVK के अंदर 150 पेड़ो पर अमरुद के फल और 130 पेड़ो पर संत्रे के फल लगे हैं, फलों की निलामी, बोली के आधार पर दिनांक 17.11.2023 को सुबह 11.00 बजे की जाएगी| इच्छुक क्रेताओं / व्यक्तियों से अनुरोध है कि उपरोक्त समय पर केन्द्रीय कपास अनुसंधान संस्थान, पांजरी फार्म, वर्धा रोड, नागपूर पर उपस्थित होकर निलामी में भाग लें|

निलामी की शर्तें निम्न प्रकार है: -

1. सभी इच्छुक बोली लगाने वाले व्यक्तियों को बोली लगाने से पूर्व रु. 1000 (एक हज़ार रुपये) नगद निलामी कमेटी को जमा करनी होगी|
2. बोली मंजूर होते ही संबन्धित क्रेता को आधी धनराशि तुरंत जमा करनी होगी तथा बाकी धनराशि फल तोड़ने के पहले जमा करनी होगी|
3. अनुबंध फरवरी, 2023 तक मान्य होगा|
4. ठेकेदार खुद के लिए और केन्द्रीय कपास अनुसंधान संस्थान, नागपुर कैम्पस/परिसर में प्रवेश और नामित बाग क्षेत्र में काम करने वाले 8 व्यक्तियों के लिए आई-डी कार्ड प्राप्त करेगा|
5. ठेकेदार और उसके कार्यकर्ताओं को केवल विशिष्ट पहचान किए गए क्षेत्रों में जाने की अनुमति होगी और इसके अलावा अन्य क्षेत्रों में जाने की अनुमती सुबह 8:30 से पहले और शाम 17:00 के बाद नहीं होगी।
6. दो व्यक्ति ठेकेदार द्वारा नामित किए जाएंगे और मुख्य प्रशासनिक अधिकारी द्वार उसकी मंजूरी दी जाएगी| इसके बाद ही वे सुरक्षा के उद्देश्य से शाम 17:00 के बाद और सुबह 8:30 के पहले विशिष्ट बगीचे के क्षेत्र मे जा सकते है|
7. पौधों की किसी प्रकार की हानि होने पर उसकी भरपाई क्रेता को भरनी होगी|
8. इस निलामी एवं फलों को तोड़ने तक संबन्धित किसी प्रकार के विवाद में अंतिम निर्णय निदेशक, केन्द्रीय कपास अनुसंधान संस्थान, नागपुर का ही मान्य होगा|
9. किसी बोली को स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार निदेशक, केन्द्रीय कपास अनुसंधान संस्थान, नागपुर के पास आरक्षित है|

(ए. ए. गोस्वामी)
मुख्य प्रशासनिक अधिकारी
केन्द्रीय कपास अनुसंधान संस्थान, नागपुर

प्रतिलिपि:

1. फार्म प्रोड्यूस डिस्पोसल कमेटी अध्यक्ष एवं अन्य सदस्यो को सूचनार्थ एवं इस अनुरोध के साथ दिनांक 17.11.2023 को सुबह 11.00 बजे निलामी के समय फार्म ऑफिस में उपस्थित रहे|
2. इच्छुक क्रेताओं / व्यक्तियों को सूचनार्थ|
3. प्रक्षेत्र / कृषि विज्ञान केंद्र / मेन ऑफिस नोटिस बोर्ड|
4. निदेशक के वैयक्तिक सहायक, केन्द्रीय कपास अनुसंधान संस्थान, नागपुर के सूचनार्थ
5. भंडार विभाग, केन्द्रीय कपास अनुसंधान संस्थान, नागपुर|
6. प्रभारी एरिस सेल वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु|